हिन्दी सान्ध्य दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 02 अंक : 31 : जौनपुर, बुधवार 25 अक्टूबर 2023 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज - 4 मूल्य : 2 रूपया

## गोमती, घाघरा नदियों के तल में उपखनिजों की जांच कराएगी योगी सरकार

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की नदियों के जलस्तर में सुधार तथा उसके अंदर व्याप्त खनिजों की मात्रा को भी संरक्षित करने के लिहाज से प्रदेश सरकार ने कई सकारात्मक प्रयास किए हैं।



इसी क्रम में अब खनन विभाग के दिशा–निर्देश पर बाराबंकी जिले में घाघरा व गोमती नदी के तल में स्थित उपखनिजों की स्थिति का पता लगाने के लिए एक व्यापक सर्वे को मूर्त रूप देने की योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस सर्वे के जरिए घाघरा किनारे 7 व गोमती नदी किनारे के 2 क्षेत्रों समेत कुल 9 क्षेत्रों में नदी तल में स्थित उपखनिजों की स्थिति का पता लगाया जाएगा। इस सर्वे से निर्धारित किया जा सकेगा कि पिछले कुछ वर्षों में नदियों के तल स्थित उपखनिजों की स्थिति में क्या बदलाव आए हैं और साथ ही प्रतिपूर्ति की जरूरतों के बारे में भी निर्धारित किया जा सकेगा। सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि सर्वे के लिए घाघरा नदी में 34.91 व गोमती नदी में 12.62 हेक्टेयर समेत कुल 47.53 हेक्टेयर का क्षेत्र चिह्नित किया गया है। इन सभी क्षेत्रों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सर्वे करवाया जाएगा, जिसकी फाइंडिंग्स को बाराबंकी के जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट की डीएसआर रिपोर्ट के अंतर्गत संकलित किया जाएगा। इस प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए खनन विभाग द्वारा नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर एजुकेशनल ट्रेनिंग (एनएबीईटी) व क्वॉलिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) से मान्यता प्राप्त एजेंसी को कार्य सौंपा जाएगा। एजेंसी के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू हो गई है और ई–टेंडर पोर्टल के माध्यम से इस कार्य आवंटन के निर्धारण को मूर्त रूप दिया जाएगा।

इस सर्वे को कराने के लिए एजेंसियों के सामने जो शर्त रखी गई है, उसमें कई दिशा–निर्देशों के साथ ही यह बात भी पूर्ण स्पष्टता के साथ जारी की गई है कि प्रदेश में रिवर बेड्स में उपखनिजों की मॉडिफिकेशन व रीप्लेनिशमेंट स्टडी को अंजाम देने के लिए प्रति हेक्टेयर 14,514 रुपए अधिकतम दिए जाएंगे। ऐसे में, टेंडर पाने की इच्छुक एजेंसियों को इस शुल्क सीमा के अंदर ही निहित कार्यों को अंजाम देना होगा। इस निविदा में भाग लेने के लिए ई–टेंडर पोर्टल पर आवेदन किया गया है। ई टेंडर पोर्टल पर 25 अक्टूबर से लेकर 1 नवंबर तक इच्छुक एजेंसियों से आवेदन मांगे गए हैं। इस प्रक्रिया में भाग लेने वाली एजेंसियों को बतौर आवेदन शुल्क 1,100 रुपए जमा कराने होंगे और इस निविदा की ईएमडी 14,000 रुपए रखी गई है। इस कार्य को अंजाम देने के लिए एजेंसी के पास कम से कम संबंधित कार्यों को करने के लिहाज से 3 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। इन सभी बातों के निर्धारण के उपरांत एजेंसियों को सर्वे का कार्य सौंपा जाएगा, जो कि उत्तर प्रदेश शासन के रूलबुक के मुताबिक होगा। जिलाधिकारी बाराबंकी व खनन विभाग इस प्रक्रिया को मूर्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे।

## डिप्टी सीएम ने जनता दर्शन कार्यक्रम में सुनी जनसमस्याएं

### अफसर जन समस्याओं का करें त्वरित निदान,किसी को भटकना न पड़े : केशव



संवाददाता

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने– 7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान हर व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा भटकना न पड़े और बार–बार चक्कर न लगाने पड़ें।

महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

## सार्वजनिक मंचों पर थमी सपा-कांग्रेस की रार,अंदर बरकरार है तकरार

संवाददाता

लखनऊ। इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस और सपा के बीच मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर हुई रार भले ही सार्वजनिक तौर पर थम गई हो, लेकिन अभी दोनों दलों के बीच फ्रेंडली फाइट जारी है। राजनीतिक जानकार कहते हैं कि लोकसभा चुनाव के लिए बने इंडिया गठबंधन के बड़े नेताओं को सपा–कांग्रेस के तल्खी से नुकसान को भांप कर भले इस पर अभी विराम लगा दिया हो, लेकिन दोनों दलों के बीच टकराव अभी भी जारी है। मध्यप्रदेश के चुनाव को लेकर अखिलेश ने वहां की यूनिट को बुला रखा है और लगातार टिकट भी घोषित हो रहे हैं। जानकर मानते हैं कि सपा भले ही दबाव बनाने की लिए ऐसा कर रही हो लेकिन इससे कांग्रेस को ही नुकसान होगा। मान लीजिए जहां कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार उतारा है, वहां सपा ने भी घोषित किया है। ऐसे में यह होगा कि वह भाजपा के साथ कांग्रेस के वोट को भी काटेगा। इससे सामने वाली पार्टी का मार्जिन घटेगा और कमजोर होगी। तो यह तो नुकसान का ही सौदा है। सियासी जानकार कहते हैं कि बयानबाजी भले ही बंद हो गई हो, लेकिन अंदरखाने पर एक दूसरे का विरोध झलक रहा है। सपा ने जहां मध्य प्रदेश में उम्मीदवार उतारे हैं, वहीं कांग्रेस ने आजम के प्रति सहानभूति दिखाकर अपने को मुस्लिम का हितैषी बताया है। कांग्रेस और सपा के बीच हो रही तकरार के बीच कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने सपा नेता आजम खां के समर्थन में खड़े होने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि आजम खां के परिवार को भाजपा सरकार प्रताड़ित कर रही है। आजम खां की पत्नी तजीन फातमा के साथ इस तरह की कानूनी कार्रवाई पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि कांग्रेस भले अभी यूपी में कमजोर नजर आ रही हो, लेकिन लोकसभा आते आते संगठन काफी मजबूत होगा। पश्चिम से अभी कुछ कद्दवार मुस्लिम नेता और जुड़ने की उम्मीद है। इसके साथ पूर्वांचल के सामान्य वर्ग, जो कि भाजपा और सपा से असहज हैं, वह भी कांग्रेस की ओर रुख करेगा। इसके अलावा पिछड़े वर्ग के लोग जो भाजपा और सपा से अछूते हैं, वे कांग्रेस की तरफ टकटकी लगाए बैठे हैं। अगर विधानसभा चुनाव में हमारा ग्राफ बढ़ेगा, तो निश्चित तौर पर उसका फायदा लोकसभा में भी मिलेगा। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता सुनील साजन कहते हैं कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने अपने लोगों को बयानबाजी रोकने के लिए कहा है।

## प्रियंका गांधी की २८ अक्टूबर को दमोह में जनसभा

संवाददाता

भोपाल मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए जहां नामांकन पत्र भरने का अभियान जारी है तो वहीं राष्ट्रीय नेताओं के दौरे भी हो रहे हैं। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी 28 अक्टूबर को दमोह आ रही हैं और जनसभा को संबोधित करेंगी। कांग्रेस की ओर से दी गई आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी 28 अक्टूबर को प्रदेश के प्रवास पर आ रही हैं और उनकी दमोह में जनसभा होगी। वहीं, कमलनाथ की आने वाले दिनों में 6 जनसभाएं होने वाली हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की 24 अक्टूबर को छिंदवाड़ा में जनसभा होगी और वे 26 अक्टूबर को छिंदवाड़ा में नामांकन दाखिल करेंगे। 27 अक्टूबर को बैतूल के शाहपुर में जनसभा होगी।

## तेलंगाना बीजेपी नेता राज गोपाल रेड्डी की कांग्रेस में वापसी की संभावना



संवाददाता

हैदराबाद। तेलंगाना में भाजपा नेता और पूर्व विधायक कोमाटिरेड्डी राज गोपाल रेड्डी अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी में लौट सकते हैं। उनके एक दो दिन में राहुल गांधी की मौजूदगी में दिल्ली में औपचारिक रूप से कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की संभावना है।

राज गोपाल रेड्डी ने दावा किया कि उन पर कांग्रेस में दोबारा शामिल होने के लिए लोगों का दबाव है। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया है। रेड्डी पिछले साल अगस्त में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होने विधानसभा से भी इस्तीफा दे दिया था, जिससे उपचुनाव की आवश्यकता पड़ी। वह भाजपा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे लेकिन उपचुनाव हार गए। राज गोपाल रेड्डी, जो भोंगिर से कांग्रेस सांसद कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी के भाई हैं, भाजपा नेतृत्व से खुश नहीं थे और वह उन नेताओं में से एक थे जिन्होंने केंद्रीय नेतृत्व से बांदी संजय कुमार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने की मांग की थी। भोंगिर के पूर्व सांसद, राज गोपाल रेड्डी को हाल ही में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था।

हालांकि, वह पिछले कुछ महीनों से पार्टी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग नहीं ले रहे थे। वह कथित तौर पर एलबी नगर निर्वाचन क्षेत्र से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। रविवार को भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवारों की पहली सूची से उनका नाम गायब है। उद्योगपति–राजनेता पिछले साल अगस्त में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में मुंगोडे में एक सार्वजनिक सभा में काफी धूमधाम से भाजपा में शामिल हुए थे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के अध्यक्ष के रूप में ए रेवंत रेड्डी की नियुक्ति के बाद राजा गोपाल रेड्डी और उनके भाई वेंकट रेड्डी दोनों कांग्रेस में नाखुश थे। हालांकि, मुनुगोडे उपचुनाव में हार के बाद राजा गोपाल रेड्डी बीजेपी में सहज महसूस नहीं कर रहे थे। कर्नाटक चुनावों में जीत के बाद तेलंगाना में कांग्रेस के पुनरुत्थान के साथ और हाल के महीनों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और भाजपा के कई नेताओं के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद, ऐसा लगता है कि राजा गोपाल रेड्डी ने भी कांग्रेस खेमे में लौटने का मन बना लिया है।

## चंद्रबाबू नायडू के जेल से खुले पत्र पर विवाद

संवाददाता

अमरावती आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के राजामहेंद्रवरम सेंट्रल जेल के लोगों को लिखे पत्र पर विवाद खड़ा हो गया है, क्योंकि जेल अधिकारियों ने दावा किया है कि पत्र के लिए अनुमति नहीं दी गई थी। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने रविवार शाम को मीडिया को एक पत्र जारी किया था, इसमें कहा गया था कि पार्टी सुप्रीमो ने इसे राजामहेंद्रवरम जेल से लोगों को लिखा था, जहां वह एक महीने से अधिक समय से कौशल विकास निगम मामले में बंद हैं। जेल अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि कोई भी पत्र उनकी अनुमति के बिना जेल से जारी नहीं किया जाता है और जो कथित तौर पर नायडू द्वारा लिखा गया था, उसके लिए कोई अनुमति नहीं थी। जेल अधिकारी ने नायडू द्वारा हस्ताक्षरित



और टीडीपी द्वारा जारी पत्र की फोटोकॉपी के साथ एक बयान जारी किया। नायडू के हस्ताक्षर के नीचे लिखा है स्नेहा ब्लॉक, राजामहेंद्रवरम जेल से। जेल अधीक्षक एस. राहुल ने कहा कि जेल नियमों के अनुसार यदि कोई कैदी हस्ताक्षरित पत्र जेल के बाहर भेजना चाहता है, तो जेल अधिकारी उस पर गौर करते हैं और जेलर के सत्यापन, हस्ताक्षर और जेल की मुहर के साथ ही उसे संबंधित अदालत में या किसी सरकारी कार्यालय या परिवार के सदस्य के पास भेजा जाता है। इस बीच, सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने इस दावे के साथ पत्र जारी करने के लिए टीडीपी की आलोचना की है कि यह पत्र नायडू द्वारा जेल से लिखा गया है। इसमें पूछा गया कि नायडू को जेल में कागज और कलम तक कैसे पहुंच मिली। यह भी आश्चर्य हुआ कि टीडीपी द्वारा जारी पत्र में नायडू के हस्ताक्षर कैसे थे। वाईएसआरसीपी ने टिप्पणी की कि टीडीपी की राजनीति, उसके बयान और उसके सभी कार्यों की तरह, यह पत्र भी फर्जी है। इसमें आरोप लगाया गया कि टीडीपी और नायडू इस तरह से लोगों को धोखा दे रहे हैं। वाईएसआरसीपी ने पत्र की सामग्री का जिक्र करते हुए पूछा, ष्यदि आप लोगों के दिलों में हैं, तो उन्होंने आपको पिछले चुनाव में क्यों हराया। सत्तारूढ़ दल ने आरोप लगाया कि लोग नायडू के भ्रष्टाचार से तंग आ चुके थे और इसलिए उन्हें सत्ता से हटा दिया। यह आरोप लगाते हुए कि नायडू ने कौशल विकास के नाम पर युवाओं को धोखा दिया, आश्चर्य हुआ कि वह मूल्यों और विश्वसनीयता के बारे में कैसे बात करेंगे। टीडीपी द्वारा जारी खुले पत्र के अनुसार, नायडू ने लिखा कि वह जेल में नहीं, बल्कि राज्य के लोगों के दिलों में हैं और दुनिया की कोई भी ताकत उन्हें एक सेकंड के लिए भी लोगों से दूर नहीं कर सकती है।

## हिन्दी विभाग में बैंक आफ बड़ौदा द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग एवं बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 'बड़ौदा मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना' के अन्तर्गत एम.ए. हिंदी में प्रथम स्थान पर रही छात्रा कु.राशि एवं द्वितीय स्थान पर रहें छात्र श्री नीतेश कुमार को नगद धनराशि एवं प्रमाणपत्र के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री महेश छावड़ा ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा प्रोत्साहन की कई योजनाएँ चला रहा है। राजभाषा हिंदी के विकास के लिए निरन्तर सक्रिय है।

## अंतरराष्ट्रीय राजनीति के कठिन दौर में जी-20 शिखर सम्मेलन फायदेमंद : जयशंकर

संवाददाता

नई दिल्ली विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति के एक बहुत ही कठिन दौर में वैश्विक कूटनीति की समग्रता में, जी20 शिखर सम्मेलन लाभदायक है। राष्ट्रीय राजधानी में जी20 वृक्षारोपण कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा, आज हमारे पास संतुष्ट होने के दो कारण हैं। अंतरराष्ट्रीय राजनीति के एक बहुत ही कठिन दौर में वैश्विक कूटनीति की समग्रता में वैश्विक बही–खाते के सकारात्मक पक्ष पर जी20 (शिखर सम्मेलन) एक बड़ा प्लस था।ष दूसरे, इसने एक ऐसा देश बनाया है, जो आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो कई मायनों में बहुत तेजी से वैश्वीकरण कर रहा है, इसने इस समाज को बाकी दुनिया के साथ कहीं अधिक जोड़ा है। विदेश मंत्री ने कहा कि जब उनसे जी20 शिखर सम्मेलन से प्राप्त उपलब्धियों के बारे में पूछा जाता है, तो वे कुछ प्रमुख उपलब्धियां गिनाते हैं। जैसा कि हम शिखर सम्मेलन (जी20) के बाद की खुशी का आनंद ले रहे हैं, मुझसे अक्सर पूछा जाता है कि आपने वास्तव में क्या किया है? जब मैं देखता हूं कि हमने क्या किया है, तो मेरे लिए चार से पांच मुख्य बातें सामने आती हैं। इनमें हरित विकास समझौता, महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का संदेश, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए समर्थन, लीएफई मिशन। जयशंकर ने कहा,इन सब के अंत में, एक था, बहुत मजबूत स्थिरता, हरित, वैश्विक दक्षिण छवि, जो जी20 से सामने आई। उन्होंने आगे कहा, लगभग तीन सप्ताह पहले, मैं संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल होने के लिए न्यूयॉर्क में था। मुझे आपके साथ यह साझा करना चाहिए कि जी20 काफी हद तक बातचीत का विषय था। कई अन्य देशों ने भी जी 20 में अफ्रीकी संघ की स्थायी सदस्यता पर विशेष संतुष्टि व्यक्त की। लेकिन कुल मिलाकर वैश्विक कूटनीति में यह भावना है कि इस जी20 ने वास्तव में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बहुत ठोस रूप से काम किया है। यह अधिकांश लोगों की अपेक्षा से कहीं बेहतर निकला।

## रांची के पूजा पंडाल में लालू और उनकी बेटी रोहिणी की प्रतिमाएं

संवाददाता

रांची। रांची में दुर्गा पूजा पर अलग–अलग थीम पर एक से बढ़कर एक पूजा पंडाल स्थापित किए गए हैं, लेकिन एक पंडाल ऐसा भी है जहां देवी के प्रतिमा के अलावा राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, उनकी पुत्री रोहिणी आचार्य और लालू प्रसाद की पोती कात्यायनी की प्रतिमाएं लगाई गई हैं। रांची के नामकुम रेलवे स्टेशन के पास जय माता दी क्लब का यह पंडाल चर्चा का केंद्र बना हुआ है। यहां एक छोर पर देवी दुर्गा और अन्य देवताओं की प्रतिमाएं हैं, वहीं दूसरे छोर पर लालू प्रसाद यादव और उनकी पुत्री रोहिणी आचार्य की प्रतिमाएं झांकी के तौर पर प्रदर्शित की गई हैं। इसमें रोहिणी आचार्य को अपने पिता के लिए किडनी डोनेट करते हुए दिखाया गया है और उन्हें त्याग की प्रतिमूर्ति एवं शक्ति स्वरूपा बताया गया है। किडनी ट्रांसप्लांटेशन के बाद स्वस्थ हुए लालू प्रसाद यादव को उनकी पोती कात्यायनी के साथ खेलते हुए दिखाया गया है। इन मूर्तियों के साथ टिप्पणियां भी लिखी गई हैं, जिसमें लालू प्रसाद को गरीबों का मसीहा बताया गया है। पूजा का आयोजन करने वाले क्लब के अध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि इन प्रतिमाओं के जरिए सामाजिक संदेश देने की कोशिश की गई है।

## फिर करेंगे किसानों की कर्ज माफी, छत्तीसगढ़ चुनाव से पहले सीएम भूपेश बघेल का बड़ा ऐलान

संवाददाता

रायपुर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोषणा की कि अगर राज्य में कांग्रेस सत्ता में आई तो किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। मुख्यमंत्री बघेल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा, "घोषणा! कांग्रेस के सत्ता में आते ही पूर्व की तरह इस बार भी हम किसानों का कर्ज माफ करेंगे। राज्य में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री बघेल ने यह घोषणा सक्ति विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत के नामांकन दाखिल करने के दौरान एक सभा में की। बघेल ने सभा में कहा, "भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अभी तक किसान, मजदूर, नौजवान और महिलाओं के लिए एक भी घोषणा नहीं की है। राहुल जी आए घोषणा की कि जाति जनगणना होगी। प्रियंका जी ने कहा गरीब लोगों को आवास दिये जाएंगे। हमने कहा है कि केंद्र सरकार हमारा हिस्सा दे या न दे छत्तीसगढ़ सरकार गरीबों के लिए घर बनाकर रहेगी। बघेल ने कहा, "हमने पहले ही घोषणा कर दी है कि किसानों से 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदेंगे। अभी बहुत सी गारंटी देनी है। मैं सक्ति में आया हूं यहां शक्ति के उपासक बैठे हैं। सक्ति में किसान को शक्तिमान बनाना है। मैं मंच के माध्यम से घोषणा कर रहा हूं जैसे पूर्व में किसानों का कर्ज माफ किया गया था, फिर से सरकार बनाओ किसानों का कर्ज माफ होगा। राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री की इस घोषणा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राज्य में वर्ष 2018 के चुनाव से पहले भी कांग्रेस ने सरकार बनते ही कर्ज माफ करने का वादा किया था। माना जाता है कि कांग्रेस की इस घोषणा के बाद ही पार्टी को किसानों का समर्थन मिला था और राज्य में 15 वर्ष के बाद सत्ता में वापसी हुई थी।

## सम्पादकीय

# राम और रहीम

सदियों से भारत में रसखान परंपरा में ऐसे तमाम बड़ी सोच वाले लोग रहे हैं जिन्होंने हिंदू–मुस्लिम एकता की दिशा में अनवरत सार्थक प्रयास किये। देश के तमाम गांवों में आज भी मिलने पर सभी संप्रदायों में राम–राम कहने का दस्तूर–सा है। निश्चित रूप से जब तक देश में सद्भाव व सकारात्मक सोच के लोग विद्यमान हैं तब तक विभाजनकारी ताकतें गंगा–जमुनी तहजीब को नुकसान नहीं पहुंचा सकती। सुखद अहसास होता है जब पता चलता है कि भारत के विभिन्न भागों में होने वाली रामलीलाओं में हिंदू, मुस्लिम, जैन आदि समुदाय के लोग गरिमा के साथ विभिन्न पात्रों का निर्वाह कर रहे हैं। अलगाव के राजनीतिक विमर्श के बावजूद कई प्रांतों से खबरें आती हैं कि राम लीलाओं में अनेक मुस्लिम परिवार पीढ़ी–दर–पीढ़ी विभिन्न किरदारों को मंच पर निभा रहे हैं। बताया जाता है कि उ.प्र. की राजधानी लखनऊ में मो. साबित खान का परिवार तीन पीढ़ियों से रामलीला मंचन में योगदान दे रहा है। जिनकी बड़ी सोच रही है कि भगवान किसी को हिंदू–मुस्लिम नहीं बनाता है। हम ऊपर वाले की रची एक जैसी रचनाएं हैं। इसी तरह राजस्थान में सीकर, उदयपुर आदि में कई मुस्लिम परिवार रामलीला में अभिनय से लेकर रावण बनाने के काम में दशकों से जुटे हैं। ऐसे ही कई उदाहरण उत्तर प्रदेश के बनारस, अमरोहा, बरेली, बागपत व हरियाणा के फरीदाबाद में भी देखने में आए हैं। कहीं वे लक्ष्मण का किरदार निभा रहे हैं तो कहीं हनुमान का। कहीं हिंदी–उर्दू मिश्रित भाषा में रामलीला के संवाद लिखे जा रहे हैं तो कहीं वे मेकअप आर्टिस्ट का किरदार निभा रहे हैं। निश्चित तौर पर जिस देश के हिंदू–मुस्लिम मिलकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों को सींच रहे हैं, वहां वैमनस्यता व कटुता के लिये कोई जगह नहीं हो सकती है। कई संघ के नेता जब कहते हैं कि हम सब के वंशज विशुद्ध भारतीय थे तो उसकी तार्किक वजह है। निस्संदेह, हमारे आराध्य व पूजा पद्धति भिन्न होने का मतलब सामाजिक कटुता कदापि नहीं हो सकती। हर धर्म सही मायनों में ध ार्मिक सहिष्णुता का ही प्रतीक रहा है। दुनिया में हिंदू धर्म अपनी इस खासियत के लिये जाना जाता है कि उसने विश्व की तमाम संस्कृतियों व धर्मों को खुद में समाहित करके अपना विस्तार किया है। इतना ही नहीं अन्य धर्मों के आराध्यों को भगवान का दर्जा देकर भिन्न–भिन्न आस्थाओं का सम्मान किया है। पारसी व अन्य कई धर्म जो दुनिया में लुप्तप्राय हो चले हैं, उनका भारत में फलना–फूलना हमारी धार्मिक साहिष्णुता का पर्याय ही है। निस्संदेह, किसी भी धर्म के अच्छे लोग भी होते हैं और बुरे लोग भी। ऐसा में किसी धर्म के प्रति दुराग्रह बना लेना कतई न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। कितना अच्छा हो कि लोग होली में भी गले मिलें और ईद पर भी। हम इस देश के नागरिक हैं और सबको यहीं रहना है। तो क्यों न सद्भाव व समरसता की सोच के साथ ही रहा जाए। ये वक्त की जरूरत भी है और समरसता के विकास की अनिवार्य शर्त भी।

## कलम से क्रांति और कलम से ही भ्रांति, लेखनी में असीमित सामर्थ्य और क्षमताएं

शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है ।वैसे तो लेखनी की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर लेखनी से लिखे गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले और लिखने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है। अकबर इलाहाबादी साहब कहते हैं,खीचों न कमानों को, न तलवार निकालो, जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो। मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े–बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े–बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी–बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है। शब्दों को तौल कर विचार कर बोलना चाहिए अन्यथा उसके नतीजे भयानक भी हो सकते हैं। शब्दों की मार बहुत ही तेज और बहुत मीठी भी होती है एक शब्द महायुद्ध करवा सकता है और दूसरा शब्द ऐसी शीतल फुहाँरे छोड़ता है कि सारा युद्ध उन्माद अखंड शांति में बदल जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका रूस ,जापान, यूरोपीय देशों में दिए वहां के राष्ट्रपति व राजनेताओं द्वारा दिए गए भाषणों संभाषणों से युद्ध और कई बार शांति स्थापित हुई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा उनके कैबिनेट के मंत्री अपने दिए गए वक्तव्य से ही सारी दुनिया से अलग अलग हो गए हैं। और भड़काऊ भाषण के कारण आज दुर्गति को प्राप्त हुए हैं। भारत शांति का दूत माना जाता है शांति स्थापना की सदैव मीठी वाणी बोलता आया है और यही कारण है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति का पुजारी एवं दूत कहा जाता है एवं सदैव अंतर्राष्ट्रीय विवादों में उनके राजनेताओं को मध्यस्थता अथवा समझौते के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है। यही कारण है कि रूस यूक्रेन के लंबे युद्ध में विश्व के पूरे देश एवं रूस तथा यूक्रेन के राजनेता भी भारत की ओर युद्ध की शांति की पहल की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यही कारण है की युवा पीढ़ी को सदैव कम बोलने, सदाचारी संभाषण देने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है भारत की सांस्कृतिक तथा साहित्यिक विरासत को सत साहित्य और संतुलित भाषा का मनुष्य तथा समाज के विकास के लिए पर्याय माना गया है। इसीलिए संतुलित भाषा मीठी भाषा बोलने से सदैव समाज तथा देश का वातावरण विकास के अनुकूल होता आया है।

# भुखमरी की समस्या पर सरकार गंभीर नहीं

एक ओर तो भारत पिछले दो वर्षों की तरह इस साल भी विश्व हंगर इंडेक्स में लगातार खराब प्रदर्शन कर रहा है, तो वहीं दूसरी ओर अपना प्रदर्शन सुधारने का भरोसा दिलाने या इस बाबत देशवासियों से राय–मशविरा लेने की बजाय उसे केन्द्र सरकार द्वारा खारिज ही किया जा रहा है। और तो और, उसका मजाक तक जिम्मेदार मंत्री की ओर से उड़ाया जाता है जो यह बतलाता है कि सरकार इस मुद्दे को लेकर गम्भीर नहीं है और न ही उसे जनता की कोई चिंता है। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने इसे लेकर जो बयान दिया है वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण एवं आपत्तिजनक है जिसकी कांग्रेस ने कटु आलोचना की है। जो हो, केन्द्र को चाहिये कि वह भुखमरी की समस्या से निपटने के ठोस उपाय करे।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में आई रिपोर्ट में 125 देशों की सूची में भारत को 111वें नंबर पर रखा गया है। पिछले साल वह 107वें नंबर पर था। साफ है कि भारत में भुखमरी की समस्या गंभीर होती जा रही है। पाकिस्तान 102वें, बांग्लादेश 81वें, नेपाल 69वें और श्रीलंका 60वें स्थान पर है। इस प्रकार देखें तो भारत के सभी पड़ोसी देशों ने उससे बेहतर



प्रदर्शन किया है। यह लगातार तीसरा साल है जब भारत की हंगर इंडेक्स रैंकिंग में गिरावट दर्ज की गई है। इससे पहले 2022 में भारत को 107वां स्थान दिया गया था। इस वर्ष भारत को 111वां रैंक मिला । एशिया में केवल अफगानिस्तान भारत से पीछे है, अन्य पड़ोसी देशों पाकिस्तान को (99वां), बांग्लादेश को (84वां), नेपाल (81वां) और श्रीलंका (64वां) का प्रदर्शन भारत से बेहतर था। इस गिरावट से साफ जाहिर है कि भारत का प्रदर्शन सतत खराब हो रहा है क्योंकि उसके पास देशवासियों को भुखमरी से निजात दिलाने की न तो इच्छा शक्ति है और न ही उसके पास वह काबिलियत है। अधिक आपत्तिजनक एवं शर्मनाक तो यह है कि भारत को जीएचआई में 125 देशों की सूची में इतने निचले पायदान पर ऐसे वक्त में रखा गया है जब वह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दावा करता है। केन्द्र सरकार और विशेष कर प्रध ाानमंत्री भारत की तरक्की एवं खुशहाली के बड़े–बड़े दावे कर रहे हैं जिसकी कलई हंगर इंडेक्स की ताजा रिपोर्ट ने फिर से उतारकर रख दी है। हालांकि इस रिपोर्ट के आने के बाद भारत सरकार ने भी इसे खारिज किया था। स्मृति ईरानी शुक्रवार को हैदराबाद में फेडरेशन ऑफ इंडियन चौंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के एक कार्यक्रम में बोल रहीं थीं जिसके दौरान उन्होंने कहा कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स जैसे सूचकांक वास्तविक रूप से भारत की स्थिति का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। आगे वे कहती हैं कि श्और लोगों का मानना है कि यह सब बकवास है। ईरानी का दावा था कि कई लोगों ने उनसे कहा है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स बेतुका है। वे उस इंडेक्स को कैसे बनाते हैं? इसके जवाब में वे खुद बतलाती हैं कि 140 करोड़ के देश में तीन हजार लोगों के पास फोन आते हैं और उनसे पूछा जाता है क्या आप भूखे हैं? उन्होंने कहा कि जीएचआई के मुताबिक भारत से बेहतर पाकिस्तान कर रहा है। यह कैसे संभव है। ईरानी ने हंसकर यह भी कहा कि श्वे सुबह चार बजे घर से इस कार्यक्रम के लिये निकली हैं। उन्हें अभी तक खाना न मिलने से वे भी भूखी हैं। इसे लेकर कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने स्मृति ईरानी को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने मंत्री से पूछा है कि क्या वे सचमुच ऐसा समझती हैं कि लोगों से फोन पर यह पूछकर हंगर इंडेक्स तय किया जाता है कि क्या आप भूखे हैं? सुप्रिया ने कहा है कि आप भारत सरकार में मंत्री हैं यह आश्चर्य तो है ही, शर्मनाक भी। आप क्या सचमुच नहीं जानती कि किसी देश का हंगर इंडेक्स चार बातों से तय होता है, जिनमें अल्प पोषण, बच्चों में स्टंटिंग, बच्चों में वेस्टिंग एवं बाल मृत्यु दर शामिल है? उन्होंने कटाक्ष किया कि श्आप एक सशक्त व धनाढ्य महिला है, भारत सरकार में मंत्री हैं। आप जिन हवाई जहाजों में सुबह–शाम यात्राएं करती हैं और जिस भी शहरों में जा रही हैं वहां आपको स्वादिष्ट और पर्याप्त भोजन मिलता है। व्यस्तता में न खाना और पर्याप्त खाना न मिलने में अंतर है। कृपया भूख का मजाक न उड़ाएं। स्मृति के बयान से साफ जाहिर होता है कि मोदी सरकार का रवैया देश की मूलभूत समस्याओं को लेकर बेहद चलताऊ है जिसका प्रदर्शन वह पहले भी कर चुकी है। भारत की सभी समस्याओं और विभिन्न क्षेत्रों में उसकी स्थिति को लेकर जब भी कोई वैश्विक रिपोर्ट सामने आती है, भारत सरकार के प्रवक्ता हों या मंत्री अथवा स्वयं प्रधानमंत्री, उसे सिरे से खारिज करते हैं। उसे कभी त्रुटिपूर्ण तो कभी दूसरे देशों का भारत के खिलाफ षडयंत्र बतलाते हैं। प्रेस स्वतंत्रता हो या धार्मिक आजादी अथवा फिर रोजगार– ज्यादातर मामलों में यही देखा गया है कि पूरी सरकार उसे गलत साबित करती है। मोदी सरकार अपना दूसरा कार्यकाल लगभग पूरा करने जा रही है परन्तु अब तक उसे यह बात समझ में नहीं आई है कि वैश्विक एजेंसियां न तो ऐसे किसी के खिलाफ षडयंत्र करती हैं और न ही गलत स्थिति को पेश करती हैं। इसके अध्ययन की वैज्ञानिक पद्धतियां होती हैं और उनका आधार भी वे आंकड़े एवं तथ्य ही होते हैं जो स्वयं सरकार तैयार करती है।

## छेड़खानी की शिकायत करने पर मारपीट, पांच नामजद

संवाददाता

नगर बाजार (बस्ती)। नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो पक्षों में जमकर लाठी–डंडे चले। पुलिस ने पीड़िता के तहरीर पर पांच लोगों पर बलवा, घर में घुसकर मारपीट व छेड़खानी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

पीड़िता ने तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के डब्लू ने बेटी से छेड़छाड़ की व अश्लील अपशब्द कहे। जब इसकी शिकायत उनके परिजनों से की तो सब लोग आगबबूला हो गए। लाठी–डंडे से पिटाई करने लगे। डब्लू और अभय नेबेटी के साथ छेड़छाड़ कर दांत से काट लिया और कपड़े फाड़ दिए। गोलू व रोलू ने दूसरी बेटी के साथ छेड़छाड़ कर बर्बाद करने की धमकी दी। थाना प्रभारी नगर संतोष कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर डब्लू,गोलू,रोलू, अभय व सत्यनरायन के खिलाफ केस दर्ज पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## महागौरी से मांगा जगत कल्याण का आशीष, महानवमी आज



संवाददाता

बस्ती। नवरात्र के महाष्टमी पर रविवार को महागौरी की पूजा की गई। दिनभर मंदिरों और पंडालों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। प्रतिपदा और महाष्टमी का व्रत रखने वाले देवी भक्तों ने रविवार को ही व्रत रखा। सोमवार को नवमी पर नौ दिन के व्रत रखने वाले हवन की तैयारियां कर रहे हैं। अधिकतर लोग कुल गुरु या स्थानीय मंदिर के पुजारी से हवन कराते हैं। कुछ पंडित यजमान के घर जाकर हवन कराते हैं। जबकि कई लोग पंडालों व मंदिर में होने वाली सामूहिक हवन में भाग लेते हैं। शहर के गायत्री मंदिर के सामूहिक हवन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। वैदिक पंचांग के अनुसार शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि 22 अक्तूबर रविवार 7रू58 बजे से शुरू हो गई। इसका समापन 23 अक्तूबर सोमवार को शाम 5रू44 बजे होगा। उदय तिथि के आधार पर 23 अक्तूबर को ही महानवमी मनाई जाएगी। पंडित देवस्य मिश्र के अनुसार, महानवमी की तिथि नवरात्र की आखिरी तिथि होती है। इस तिथि पर मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा–अर्चना और पाठ करने का महत्व होता है।

## बस्ती में ट्रक की टक्कर के बाद पेड़ से टकराई कार पलटी, पांच यात्रियों की हालत गंभीर



संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले में ट्रक की टक्कर से एक कार पेड़ से टकराकर पलट गई। घटना में कार सवार पांच यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और एनएचएआई की टीम ने एंबुलेंस से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों की हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने सभी को मेडिकल कॉलेज अयोध्या के लिए रेफर कर दिया। घायलों में सभी कुशीनगर में अपना गेस्ट हाउस चलाते हैं।

फतेहपुर जिले के बिंदकी थाने के टिकरी मनौटी गांव के रहने वाले पप्पू सिंह (32) पुत्र ओम नारायण सिंह कई सालों से अपने गांव के लोगो के साथ कुशीनगर में रखकर अपना बेलकम गेस्ट हाउस चलाते हैं। सब लोग कार से नवरात्र में अपने पैतृक गांव गए थे।

नवरात्र में घर से पूजा पाठ करके सब लोग कार से कुशीनगर वापस आ रहे थे। कार मयंक तिवारी चला रहे थे। सोमवार को तड़के सुबह छह बजे जैसे ही कार फोरलेन पर छावनी थाना क्षेत्र के मझौवा दूबे गांव के निकट पहुंची तभी कार को पीछे से ट्रक ने साइड मार दिया, जिससे कार अनियंत्रित होकर साइड में लगे पत्थर को तोड़ते हुए पेड़ से टकराकर पलट गई।

घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। घटना में पप्पू सिंह (32) पुत्र ओम नारायण सिंह, मयंक तिवारी (22) पुत्र अवधेश तिवारी, नीरज कुमार (20) पुत्र स्व. श्रीअधार, शिवम सिंह (18) पुत्र स्व बैजनाथ और विवेक सिंह (20) पुत्र स्व बैजनाथ निवासी निवासी टिकरी मनौटी थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर हाल मुकाम हनुमान मंदिर, बेतियाहाता के पास थाना कैंट जनपद गोरखपुर गंभीर रूप से घायल हो गए।

कार में फंसे लोगों की चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और घटना की सूचना पुलिस और एनएचएआई को दिया। सूचना पर एसओ छावनी नरायण लाल श्रीवास्तव और एनएचएआई के शेषपाल चौधरी, अरविंद पांडये, वीरेन्द्र कुमार, राजन सहित कई पुलिस कर्मी पहुंच गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## शक्ति पीठों में गाजीपुर के मां कामाख्या धाम का अलग महत्व, नवरात्र की अष्टमी पर उमड़ी भीड़



संवाददाता

गाजीपुर। एशिया के बड़े गांव में शामिल गहमर स्थित आदि शक्ति मां कामाख्या धाम पूर्वांचल के लोगों के आस्था एवं विश्वास का केंद्र है। शक्ति पीठों में अलग महत्व रखने वाला यह धाम अपने आप में तमाम पौराणिक इतिहास समेटे हुए है। नवरात्र पर श्रद्धालुओं की भीड़ का सैलाब उमड़ रहा है। नवरात्र की अष्टमी पर महानिशा की आरती रात 12 बजे हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार से भी लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। मान्यता है कि पुत्र प्राप्ति के लिए यहां जोड़ा नारियल चढ़ाने से मनोकामाएं पूर्ण होती हैं। कहा जाता है कि यहां जमदग्नि, विश्वामित्र सरीखे ऋषि–मुनियों का सत्संग समागम हुआ करता था। विश्वामित्र ने यहां एक महायज्ञ भी किया था। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने यहीं से आगे बढ़ कर बक्सर में ताड़का नामक राक्षसी का वध किया था।

मंदिर की स्थापना के बारे में कहा जाता है कि पूर्व काल में फतेहपुर सिकरी में सिकरवार राजकुल पितामह खाबड़ जी महाराज ने कामगिरी पर्वत पर जाकर मां कामाख्या देवी की घोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न मां कामाख्या ने कालांतर तक सिकरवार वंश की रक्षा करने का वरदान दिया था। वर्ष 1840 तक मंदिर में खंडित मूर्तियों की ही पूजा होती रही।

1841 में गहमर के ही एक स्वर्णकार तेजमन ने मनोकामना पूरी होने के बाद इस मंदिर के पुर्ननिर्माण का बीड़ा उठाया। वर्तमान समय में मां कामाख्या सहित अन्य देवी–देवताओं की मूर्तियां मंदिर परिसर में स्थापित है। शारदीय एवं वासंतिक नवरात्र में जिला सहित गैर जिलों के भक्तों की भीड़ उमड़ती है। ऐसी मान्यता है कि मां के दरबार से कोई भक्त खाली नहीं जाता। उसकी हर मनोकामना अवश्य पूरी होती है।

## सिपाही का शव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता

देवरिया। जनपद में तैनात पुलिस के जवान सूरज सिंह की मौत के बाद रविवार सुबह शव पैतृक गांव चांदपुर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घर में श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। अंतिम संस्कार जौहरगंज श्मशान घाट पर किया गया।

चांदपुर निवासी प्रमोद सिंह के पुत्र सूरज सिंह (32) की देवरिया जनपद के कोतवाली क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। शनिवार को सूचना मिलते ही पिता प्रमोद सिंह अपने सहयोगियों के साथ पुत्र का शव लेने के लिए देवरिया कोतवाली पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद पिता प्रमोद सिंह ने पुत्र की हत्या की आशंका जताते हुए देवरिया कोतवाली में तहरीर दी।

गांव में दो दिनों से नहीं जले चूल्हे देवरिया पुलिस में तैनात सूरज सिंह की असामयिक मौत का असर पूरे चांदपुर में देखने को मिला। शनिवार को पूरे दिन पास–पड़ोस के लोग सूरज के परिजनों को सांत्वना देने में लगे रहे। शोक के कारण पूरे गांव में चूल्हा तक नहीं जला। रविवार को शव को सामने देखकर सबकी आंखें नम हो गयीं। युवाओं में वे खासे लोकप्रिय थे। युवाओं ने कहा कि सूरज भाई जब भी आते थे, बड़े बुजुर्गों से मिलने के बाद हर युवा को पूरा समय देते थे।

# सपा की होर्डिंग पॉलिटिक्स...अखिलेश यादव भावी प्रधानमंत्री

### जन्मदिन पर पार्टी ऑफिस के बाहर लगी होर्डिंग्स, राजभर का तंज- सपना देखना बुरी बात नहीं

संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आज जन्मदिन है। इस मौके पर समर्थकों ने सपा कार्यालय को होर्डिंग–पोस्टर से पाट दिया है। सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने जन्मदिन की बधाई देते हुए होर्डिंग लगवाया है। इस पर लिखा है–देश के भावी प्रधानमंत्री अखिलेश यादव। एक अन्य होर्डिंग पर लिखा है–बदला है यूपी बदलेंगे देश। सपा समर्थकों के ये स्लोगन आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 से जोड़कर देखे जा रहे हैं, क्योंकि केंद्र की सत्ता के इन चुनावों के लिए उत्तर प्रदेश सबसे अहम माना जाता है। इस तरह के होर्डिंग लगाकर बीजेपी को घेराबंदी करने की प्लानिंग सपाई अपना रहे हैं। क्योंकि, पिछले 15 दिन से इंडिया गठबंधन में सपा–कांग्रेस के नेताओं के बीच खींचतान लगातार देखी जा रही है। ऐसे में अखिलेश के जन्मदिन के बहाने एक बार फिर सपा बीजेपी को निशाने पर ले रही है। पोस्टर लगाए जाने पर सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि हर नेता का सपना होता है कि ब्ड बने तो च्ड बन जाएं, सपना देखना बुरी बात नहीं है। मगर उसके लिए काम करना पड़ता है, जो इन्होंने नहीं किया... ये हंसी के पात्र बनते जा रहे हैं। 10 सितंबर 2023 को सपा कार्यालय के बाहर होर्डिंग लगे। इन पर लिखा था–टाइगर अभी जिंदा है। एक तरफ शिवपाल की फोटो मुकुट पहनकर हाथ जोड़कर लगाई गई। दूसरी तरफ अखिलेश यादव की फोटो और फिर मुलायम सिंह की छोटी फोटो के बगल में यह भी लिखा गया था–भतीजे को हराने से पहले, चाचा को हराना होगा और यह मुमकिन नहीं नामुमकिन है।ष्पोस्टर समाजवादी समर्थक अब्दुल अजीज ने लगवाए थे। अखिलेश का साथ छोड़कर भाजपा से हाथ मिलाने वाले राजभर घोसी में हार के बाद निशाने पर आ गए थे। भाजपा की हार के बाद लखनऊ में सपा दफ्तर के बाहर एक होर्डिंग लगाई गई थी। इसमें लिखा था–सभी दल सावधान, राजभर दगे हुए कारतूस हैं। होर्डिंग में राजभर की तस्वीर और समाजवादी युवजन सभा के पूर्व राज्य सचिव आशुतोष सिंह की तस्वीर लगी थी। दरअसल, घोसी उपचुनाव में राजभर को बीजेपी की तरफ से दारा सिंह चौहान की कैंपनिंग की जिम्मेदारी दी गई थी। राजभर ने भी मीडिया चौनल्स के सामने बयानबाजी की, लेकिन नतीजे सपा के पक्ष में चले गए थे। अप्रैल 2023 में उत्तर प्रदेश में हम शुद्र हैं की राजनीति को लेकर कई होल्डिंग के सपा कार्यालय के बाहर लगाई गई थी। सपा राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य की रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी के बाद से यह मुद्दा लगातार सुर्खियों में रहा था। इस मुद्दे को लेकर समाजवादी पार्टी लगातार सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को निशाने पर लेते हुए दिखती रही।

# नि:सन्तान दम्पत्ति को बच्चा दे सकता है आईवीएफ टेक्नोलॉजी : डॉ अंजू कनौजिया

## आईवीएफ के माध्यम से गौरी और पार्वती दो बच्चियों का अस्पताल में हुआ जन्म दोनों है सुरक्षित



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। नगर में पॉलीटेक्निक चौराहे स्थित आशीर्वाद हास्पिटल एवं आई वी एफ टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर , जो पूर्वांचल का पहला टेस्ट ट्यूब वेबी सेन्टर हैं। उक्त टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की संचालक वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूत रोग विशेषज्ञ इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डा.अन्जू कनौजिया ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि हमारे आई वी एफ (टेस्ट ट्युब बेबी) सेन्टर पर गैर जनपद से निराश होकर आए निरू संतान दंपतियों को टेस्ट ट्यूब बेवी ने जन्म लिया हैं जो पूर्ण रूप से स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं। डा. अन्जु ने बताया कि पूर्वाचल का एक ऐसा आई वी एफ सेन्टर आपके शहर में खुल गया है जो नि:सन्तान दम्पत्ति को बच्चा दे सकता है। अब निरू संतान जोड़ों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है ,नि:सन्तान जोड़े आये मिले, उनकी समस्याओं का समाधान प्रयास करने पर सम्भव हैं, अपने प्रयास से आशीर्वाद टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर द्वारा जीवन में खुशियां वापस ला सकते है। डा०अन्जू ने बताया कि आईवीएफ में भी कई स्टेप है, जो कारगर साबित हो रहे हैं, एक वर्ष में यदि गर्भवती नहीं हो सकी है तो, उन्हें तत्काल विशेषज्ञय चिकित्सको से सलाह लेना चाहिए। अपनी परेशानी बताकर निश्चित रूप से माता – पिता बन सकते है।

डा . अन्जू ने बताया कि अब तक मेरे पास कुल 22 जोडे आए , नियमित चिकित्सा और उचित देखरेख से 12 जोड़ों में पहले भी पॉजिटिव रिजल्ट आया है । उनमें से दो और में निरू संतान दंपतियों को आईवीएफ के माध्यम से टेस्ट ट्यूब बेबी द्वारा दो बच्चों ने जन्म लिया हैं ,जिसके माता पिता ने उनका नाम गौरी एवं पार्वती रखा है। डा . अन्जू ने बताया कि हमारे यहाँ आईवीएफ की प्रत्येक स्टेप के जाँच हेतु अलग – अलग माडुलर लैब बनाये गये है। और प्रत्येक प्रक्रिया हेतु तकनीकी रूप से प्रशिक्षित स्टाफ और चिकित्सक उपलब्ध है । सारे लैब पूर्ण रूप से वातानुकूलित एवं गुणवत्ता युक्त तकनीकी से परिपूर्ण तथा सुरक्षित और सुव्यवस्थित है। इस अवसर पर डा. अन्जु एवं डा० विनोद कनौजिया ने व्यवस्था को सुचारू एवं सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने के लिए अपने सभी तकनीकी स्टाफ और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरी प्रक्रिया एक टीम वर्क द्वारा ही संभव है जिसमें हमारे स्टाफ का सहयोग बहुत ही इंपॉर्टेंट होता है जो मुझे सदैव मिलता रहता है, आगामी भविष्य में आईवीएफ सेंटर में संतान दंपतियों को सभी तरह की सुविधा मिलेगी ,और उनके जीवन में खुशियां वापस आएंगी हमारा प्रयास है कि आशीर्वाद आईवीएफ सेंटर संतान दंपतियों को कम से कम खर्चे में उनकी खुशियां वापस लाने में सहयोग करें, जिसके लिए हम पूरा प्रयास करते हैं।

# केन्द्रीय सड़क मंत्री को राम से जुड़े स्थलों पर स्काई वे बनाने का शोध केन्द्र ने भेजा प्रस्ताव

## शोध निदेशक ने भगवान राम से जुड़े मगहर मखौड़ा व सूकरखेत तक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 170 किमी स्काई वे निर्माण कराने का प्रस्ताव में दिया सुझाव



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

गोण्डा। लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के शोध निदेशक एवं हिन्दी विभाग के अध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ मिश्र ने अयोध्या को वैश्विक धार्मिक नगरीध्पर्यटन केन्द्र बनाने के लिए भगवान राम से जुड़े प्रमुख पौराणिक–सांस्कृतिक स्थलों में लोकमंगल पथ के नाम से स्काई वे का निर्माण कराने का सुझाव देते हुए केन्द्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी को प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव में अयोध्या के पास मखौड़ा, अगौना, मगहर व तिमुहानी सूकरखेत तक 170 किमी स्काई वे का निर्माण कराने का सुझाव के साथ ही केन्द्रीय सड़क मंत्री श्री गडकरी से प्रस्तावित परियोजना पर वार्ता करने का अनुरोध किया गया है।

शोध केन्द्र के निदेशक श्री मिश्र ने पत्र में कहा है कि

सप्तपुरियों में प्रमुख विश्व की प्राचीनतम् अयोध्या नगरी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की राजधानी व जैन तीर्थांकरो की जन्मस्थली के रूप में विख्यात रही है। आजादी के पांच दशक तक राजनैतिक दुराग्रह से उपेक्षा की शिकार रही यह पावन नगरी वर्तमान केन्द्र व प्रदेश सरकार के सद्प्रयास से कायाकल्प होकर विराट स्वरूप में विकसित हो रही है। अयोध्या को विश्व प्रसिद्ध तीर्थ व पयर्टन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए रामनगरी के सन्निकट मात्र 20 किमी की दूरी में स्थित पौराणिक क्षेत्र मखौड़ा में राजा दशरथ ने महर्षि श्रृंगी ऋषि के आचार्यत्व में पुत्रेष्ठि–यज्ञ किया था। इसी पावन भूमि से 84 कोसी परिक्रमा शुरू होती है। अयोध्या से पूर्वोत्तर मात्र 100 किमी दूर संत कबीरनगर जनपद स्थित मगहर में निर्गुण व्रह्म के रूप में राम के उपासक कबीर का निर्वाण स्थल है। अयोध्या से 50 किमी पश्चिम भगवान राम की गोचर भूमि जनपद गोण्डा स्थित 'तिमुहानी सूकर खेत' में गुरु नरहरिदास से रामचरित मानस के रचनाकार गोस्वामी तुलसीदास ने राम कथा का श्रवण किया था। इन तीर्थो के मध्य और पौराणिक मखौड़ा के पास जनपद बस्ती में स्थित ग्राम अगौना में हिन्दी गद्य साहित्य और भाषा को आधुनिक स्वरूप प्रदान करने के साथ सगुण–निर्गुण में समन्वय व साहित्य में लोकमंगल की अवधारणा प्रस्तुत करने वाले आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की जन्म स्थली है। बस्ती–अयोध्या मार्ग विश्व का प्राचीनतम राम जानकी मार्ग कहलाता है। मान्यता है कि भगवती सीता इसी मार्ग से मिथिला से अपनी ससुराल अयोध्या आयीं थीं।

अयोध्या को वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक धार्मिक व साहित्य कला से सम्पन्न तीर्थ क्षेत्र व पयर्टन स्थल बनाने के लिए इन चारों स्थलां को राम नगरी से जोड़ने के लिए स्काई वे का निर्माण कराया जाना राष्ट्रीय हित में एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगा। अमेरिका और बेला रूस की कई कम्पनियां स्काई वे निर्माण में सक्रिय हैं।

पत्र में यह भी कहा गया है कि शोध केन्द्र ने अध्यात्म व साहित्य से लोकमंगल की भावना, राष्ट्रप्रेम, सद्भावना समाज में विकसित करने के लिए गहन अध्ययन–अनुशालन के साथ गत दिवस विद्वानों का विचार साझा करने के लिए गोण्डा व लखनऊ में संगोष्ठियां आयोजित करने के साथ देश के प्रतिष्ठित विद्वानों के साथ मगहर से अगौना व तिमुहानी सूकरखेत तक लोक मंगल यात्रा निकाल कर गोष्ठियां का भी आयोजन किया है।

केन्द्रीय मंत्री को भेजे प्रस्ताव में अनुरोध किया गया है कि भगवान राम से जुड़े पौराणिक स्थलों व अयोध्या को विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए मखौड़ा अगौना, मगहर व तिमुहानी सूकर खेत तक लगभग 170 किमी स्काई वे के निर्माण हेतु एक वृहत परियोजना की स्वीकृति से अयोध्या विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी व वैश्विक स्तर पर पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा।

# विपक्ष मोदी हटाओ अभियान में कभी भी सफल नहीं हो पाएगा, चाहे वह इंडिया गठबंधन बनाएं या इंडोनेशिया गठबंधनरूपूर्व सांसद नरेश अग्रवाल



हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) भाजपा नेता पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने कहा है कि विपक्ष मोदी हटाओ अभियान में कभी भी सफल नहीं हो पाएगा, चाहे वह इंडिया गठबंधन बनाएं या इंडोनेशिया गठबंधन।

पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी दो तिहाई बहुमत के साथ चुनाव जीतेगी और नरेंद्र मोदी जी पुनः देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

हरदोई स्थित अपने पैतृक आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने कहा कि जिस तरीके से एक जमाने में विपक्ष इंदिरा हटाओ का नारा लगा रहा था जबकि जनता इंदिरा लाओ नारा लगा रही थी, ठीक उसी तरह इस बार भी जनता मोदी लाओ का नारा लगाती हुई दिखाई पड़ रही है।

महिला आरक्षण बिल पारित होने पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी को बधाई देते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि आरक्षण बिल लागू होने से पहले लोकसभा की सीटों में भी बढ़ोतरी होनी चाहिए।

उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि विपक्ष अपने नापाक मकसद में कभी भी कामयाब नहीं हो पाएगा।

पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने अग्रवाल ने कहा की जन प्रतिनिधियों को अपना प्रतिनिधि अपना प्रतिनिधि बनाने से बचना चाहिए क्योंकि उनके प्रतिनिधियों द्वारा की गई गलतियों का खामियाजा जनप्रतिनिधियों को ही भुगतना पड़ता है। इसलिए सभी जनप्रतिनिधियों को इस तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए । पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने कहा की वह जल्द ही हरदोई व मिश्रिख दोनों लोकसभा सीटों पर जन जागरण अभियान शुरू करने जा रहे हैं, उनकी पूरी कोशिश होगी कि हरदोई वा मिश्रिख लोकसभा सीटों पर पुनः भारतीयजनता पार्टी के प्रत्याशी ऐतिहासिक वोटो से चुनाव जीते ।

उन्होंने यह भी कहा कि टिकट किसे देना है या नहीं देना है यह पार्टी हाई कमान का फैसला होगा, जिसे भी पार्टी उम्मीदवार बनाएगी उसको चुनाव जिताने के लिए युद्ध स्तर पर जुटा जाएगा।

# उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले रेल कर्मचारी एवं कामगार हुए सम्मानित

## अनाम प्रेम संस्था द्वारा अनुकरणीय कार्य करने वाले कर्मियों को किया गया पुरस्कृत



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। अपनी कर्मठ, अनुशासित एवम समर्पित रेल सेवाएं प्रदान करने वाले उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के 15 रेल कर्मियों को उनके द्वारा प्रदत्त अनुकरणीय रेल सेवाओं तथा उत्कृष्ट कार्यशैली के प्रदर्शन हेतु दिनांक 24 अक्टूबर 2023 को विजयदशमी के पावन अवसर पर ष्अनाम प्रेम संस्थाष् द्वारा उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के लखनऊ स्थित चारबाग रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, मंडल रेल प्रबंधक, डॉ.मनीष थपल्याल एवं विशिष्ट अतिथि, रेखा शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मानित किया गया। मुंबई की इस संस्था द्वारा सराहनीय रेल कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित करके उनको प्रोत्साहित करने का उत्तम प्रयास किया जाता है और यह संस्था समय समय पर रेलवे, रक्षा, चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्तम कार्य करने वाले कर्मियों एवम श्रमिकों को प्रोत्साहित करने हेतु सदैव तत्पर रहती है। दशहरे के अवसर पर इस संस्था के कार्यपालक, आनंद सिंह द्वारा चारबाग,लखनऊ रेलवे स्टेशन पर आकर उल्लेखनीय सेवायें देने वाले 15 रेल कर्मियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत करके किया गया। तदोपरांत इस सम्मान समारोह में शालू, सफाईकर्मी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, सुग्गन देवी, हेल्पर,विद्युत विभाग,आकृषि, प्वाइंट्समैन,परिचालन, रजनी, प्वाइंट्समैन,परिचालन, राजू, मेसन, आई.ओ.डब्ल्यू.(स्टेशन), माधुरी हेल्पर, आई.ओ.डब्ल्यू., प्रीति, हेल्पर, टेली., गुड़िया दुबे,हेल्पर, एस.एंड टी., श्रीमती दीपा, बेयरा, आर.आर.(लखनऊ), सुधा वर्मा, डब्ल्यू.आर. बी., सी.पी.आई. , नसरीन, हेल्पर, टी.एक्स.आर., बसंत चौधरी, पोर्टर, सी.एम.आई. (टिकट), गंगासागर, पोर्टर, सी.पी. एस., अजय कुमार, चालक एवं वृन्दावन,केटरिंग असिस्टेंट,मुख्य खानपान निरीक्षक को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। इस संस्था के कार्यपालक, आनंद सिंह ने बताया कि रेलवे के कारण ही हम सभी अपने मित्रों और संबंधियों से भारत के किसी भी क्षेत्र में जाकर मिल पाते हैं एवं अनेक अवसरों और उत्सवों का सामूहिक रूप से आनंद उठा पाते हैं। उन्होंने बताया कि विजयदशमी के दिन हम अपने लौह उपकरणों की पूजा करते है,किंतु आप रेलकर्मी वास्तविक ऋषि हैं,जोकि वर्ष पर्यन्त एक तपस्वी की भांति इन लौह पटरियों एवं रेलगाड़ियों की देखभाल बिना किसी अपेक्षा के करते हैं। इसीलिए यह पर्व हमें यहां तक लाया है,ताकि हम आप रेलकर्मियों को सम्मानित करके आपके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर सकें। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि,मंडल रेल प्रबंधक, डॉ. मनीष थपल्याल ने इस संस्था की सराहना करते हुए अवगत कराया कि अनाम प्रेम संस्था द्वारा, उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले रेल कर्मचारियों एवम श्रमिकों को सम्मानित करने का एक अत्यंत सराहनीय मानव सेवा का उत्तम कार्य निःस्वार्थ भाव से किया जाता है। इस कार्यक्रम में स्टेशन निदेशक, आशीष सिंह सहित अन्य रेलकर्मी उपस्थित थे।

# इन बच्चों को दिव्यांग न समझा जाए और इनसे सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार ना किया जाए: प्रो निर्मला एस मौर्य पूर्व कुलपति

## पूर्व कुलपति ने दिव्यांग हेतु स्कूल चलो अभियान को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। राजेश स्नेह ट्रस्ट आफ एजुकेशन दिव्यांग बच्चों का स्कूल एवं पुनर्वास केंद्र , दिव्यांग हेतु स्कूल चलो अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य रही। मुख्य अतिथि ने लोगो को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कहा इन बच्चों को दिव्यांग न समझा जाए और इनसे सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार ना किया जाए। इनको शिक्षित करके, व्यवहारिक ज्ञान देकर के समाज के मुख्य धारा से जोड़ा जाए। और इनके साथ पक्षपात पूर्णइव्यवहार ना किया जाए। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के शिक्षा, सेवा और इलाज हेतु हर संभव सहयोग करने की बात कही और उन्होंने एक बच्चे को अनौपचारिक रूप से गोद लेने की भी घोषणा की तत्पश्चात दिव्यांग बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा एक–एक कंबल और यूनिफॉर्म वितरित किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर टीडी कॉलेज की पूर्व प्राचार्या सरोज सिंह ने जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद की घोषणा की दूसरे विशिष्ट अतिथि। टीडीपीजी कॉलेज के शिक्षक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष. प्रोफेसर अजय कुमार दुबे ने सभी दिव्यांग बच्चों को कोई औद्योगिक औद्योगिक शिक्षा पर जोर दिया और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करने की बात कही। बतौर विशिष्ट अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय की व्यावहारिक मनोविज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव ने अनौपचारिक रूप से एक बच्चे को गोद लेने की बात कही और दिव्यांग बच्चों को कोई. मनोवैज्ञानिक दिक्कत होने पर सहयोग करने की बात कही अमरावती ग्रुप के ईशान मिश्रा विशिष्ट अतीत के तौर पर दिव्यांग बच्चों की शिक्षा सेवा और इलाज में साथ देने की बात कही की स राज कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मनोज वत्स , मेरा गांव मेरी जिम्मेदारी के प्रणेता प्रदीप मिश्रा और मुजम्मिल जी ने दिव्यांग कल्याण हेतु अपना अपना विचार प्रकट विचार किए स मंच का कुशल संचालन सलमान शेख ने किया। अंत में मुख्य अतिथि ने दिव्यांग हेतु स्कूल चलो अभियान का हरी झंडी दिखा रवाना किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूल चलो अभियान ,एक जन जागरूकता अभियान, रहा स इस अभियान के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का रहा है , हर दिव्यांग बच्चे स्कूल चले और शिक्षा ग्रहण करें , वह भी सामान्य बच्चों की तरह पढ़ सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं संस्था अध्यक्ष समाजसेवी राजेश ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया फिर सभी दिव्यांग बच्चों और अतिथियों ने अल्पाहार ग्रहण किया। इस शुभ अवसर पर। अजय श्रीवास्तव ,मनीष सिन्हा ,पंकज सिंह ,दीपक श्रीवास्तव पत्रकार, खुशबू श्रीवास्तव, शरद साहू अंजू पाठक जुबेर अहमद जयशंकर सिंह अमित निगम। उदय सिंह किरन जयसवार ,मानिकचंद सेठ,अरुण कुमार सिंह राजेश कुमार सिंह राकेश कुमार सिंह लक्ष्मी मौर्य राहिल शेख हेमू वर्मा एवं लल्लन विश्वकर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# यहियागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के नेतृत्व में व्यापारियों ने नादान महल रोड पर अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटवाया



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। यहियागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के नेतृत्व में नादान महल रोड पर लगी अवैधा दुकाने एवं अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटवाया और आगाह किया कि पुनः यदि यहां पर दुकान लगी पाई गई तो नगर निगम एवं पुलिस अपने स्तर से कार्यवाही करेगी.

अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि पुलिस एवं नगर निगम की निष्क्रियता को देखते हुए व्यापार मंडल ने स्वयं अतिक्रमण हटाने का बीड़ा उठाया और नादान महल रोड पर अवैध रूप से रोड पर एवं मार्केट के सामने लगी दुकानों को हटवाया.

मुख्य रूप से अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा,वरिष्ठ महामंत्री नीरज गुप्ता, युवा अध्यक्ष कुश मिश्रा, आलोक गुप्ता , संजीव जायसवाल, अभिषेक गुप्ता , राम गणेश शुक्ला , सईद अहमद आदि मौजूद रहे।

# वार–पलटवार के बीच अजय राय दिल्ली तलब,सपा प्रमुख के तेवर नरम पड़े

संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच खटपट अब भी जारी है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में गठबंधन और सीटों के बंटवारे को लेकर दोनों पार्टियों के नेताओं के बीच जुबानी जंग चली। लेकिन अब यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय दिल्ली दौरे पर पहुंचे गए हैं। दरअसल, समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर चल रहे विवाद के बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात कर सकते हैं। इसमें सपा के साथ गठबंधन समेत लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा होगी। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी अलग–अलग चुनाव लड़ रहे हैं। पहले गठबंधन को लेकर दोनों ही दलों में बातचीत हुई थी, लेकिन कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की तो दोनों दलों के बीच खटपट बढ़ गई। दरअसल, कांग्रेस ने उन सीटों पर भी उम्मीदवार खड़े कर दिए, जिन सीटों की डिमांड सपा ने गठबंधन के लिए रखी थी। कांग्रेस द्वारा उम्मीदवारों का ऐलान होने के बाद शाम होते ही सपा ने भी अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। जिसके बाद दोनों ओर से जुबानी जंग शुरू हुई। हालांकि इसके बीच अजय राय ने कहा कि हम यूपी में सभी 80 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। अजय राय के इस बयान ने जुबानी जंग को और हवा दी। खास तौर पर अखिलेश यादव और अजय राय के बीच जमकर जुबानी तीर चले। बात इतनी बढ़ी की अखिलेश यादव ने अजय राय को चिरकुट तक कह डाला। इसका जवाब देते हुए अजय राय ने कहा,श्जो लोग अपने पिता का सम्मान नहीं करते हैं वो दूसरों का सम्मान कैसे करेंगे। सपा प्रमुख को शिवपाल यादव और रामगोपाल यादव का भी साथ मिला। हालांकि कांग्रेस आलाकमान का संदेश मिलते ही अजय राय के सुर नरम पड़ गए। उन्होंने कहा, मैं तो अखिलेश जी से हाथ जोड़कर आग्रह करता हूं कि मुझसे अगर कोई गलती हुई है ।

# 25 हजार छात्र छात्राएं और शिक्षक सजायेगे 24 लाख दीये : जयवीर

संवाददाता

लखनऊ। अयोध्या में होने वाले भव्य और दिव्य दीपोत्सव में ठीक से 20 दिन नहीं बचे हैं। दुनिया 11 नवंबर को 21 लाख जगमगाते दीपों की अवलियां देखेगी। यह अद्भुत दृश्य फिर नयनों में बस जाएगा और नया इतिहास रच जाएगा। अपना ही विश्व रिकार्ड टूटेगा। 24 लाख दीपों की लड़ियां सजाई जाएंगी। दीपों को सजाने से लेकर प्रज्ज्वलित करने की जिम्मेदारी 25 हजार लोग निभायेंगे। इसमें डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के कैंपस और संबद्ध महाविद्यालयों, इंटर कालेजों के छात्र–छात्राएं, अध्यापक और कुछ स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य भी रहेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में दीपावली को दीप पर्व के रूप में मनाने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। प्रदेश सरकार इसे दीपोत्सव के माध्यम से फिर से प्रतिष्ठित कर संपूर्ण संसार को अयोध्याधाम की महिमा से परिचित कराने का कार्य कर रही है। दीपों की लड़ियां सजाने से लेकर प्रज्ज्वलित करने की जिम्मेदारी डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की है। विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालय के हजारों छात्र इस बड़ी जिम्मेदारी में रहते है। पिछले वर्ष 21 हजार से ज्यादा छात्र–छात्राओं ,अध्यापकों ने पूरे दीपोत्सव को दिव्यता और भव्यता प्रदान की थी। यह संख्या इस बार 25 हजार होगी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि दीपोत्सव में पहले डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं ही हिस्सा लेते थे। इस वर्ष इंटर कालेज के छात्र भी रहेंगे।

# एडीसीपी (पूर्वी) क्राइम टीम व थाना विभूतिखण्ड की संयुक्त पुलिस टीम ने ठगी करने वाला शातिर

## वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। पुलिस आयुक्त लखनऊ, एस0बी0 शिरडकर द्वारा कानून व्यवस्था से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं घटित घटनाओं का त्वरित सफल अनावरण किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त पूर्वी, आशीष श्रीवास्तव व अपर पुलिस उपायुक्त, सैय्यद अली अब्बास, के दिशा–निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त, विभूतिखण्ड अनिंद्य विक्रम सिंह, के निकट पर्यवेक्षण में अनिल कुमार, प्रभारी निरीक्षक, थाना विभूतिखण्ड, लखनऊ के नेतृत्व में एडीसीपी (पूर्वी) क्राइम टीम व थाना विभूतिखण्ड की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0– 0525ध्2023 व 0526ध्2023 धारा 409ध्420 भादवि से सम्बन्धित शातिर वांछित अभियुक्त अशोक कुमार उर्फ ऋषि कुमार सिंह पुत्र स्व0 गोपाल सिंह निवासी नगर नौसा के नजदीक हसनपुर थाना शाहजहांपुर जिला पटना, प्रान्त बिहार उम्र करीब 29 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये अभियुक्तों के सम्बन्ध में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए पुलिस ने बताया कि थाना विभूतिखण्ड पर भिन्न–भिन्न तिथियों पर एस ग्रुप एजूकेशन कम्पनी के विरुद्ध डठठै कालेज में एडमीशन करा देने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने का आरोप अंकित करते हुए अभियोग पंजीकृत कराये गये। उक्त घटना को गंम्भीरता से लेते हुए उच्चाधिकारी गण से प्राप्त आदेश निर्देश के क्रम में एडीसीपी (पूर्वी) क्राइम टीम व थाना विभूतिखण्ड की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा इलेक्ट्रानिक व जमीनी सूचना संकलन कर दिनांक 23.10.2023 को अभियोग से सम्बन्धित वांछित 01 नफर अभियुक्त अशोक कुमार उर्फ ऋषि कुमार सिंह उपरोक्त को हसनपुर, थाना क्षेत्र शाहजहाँपुर, जिला पटना, बिहार से बिहार पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित अन्य अभियुक्तों की पतारसी सुरागरसी जारी है। अपराध का तरीका बताते हुए पुलिस ने कहा कि

अभियुक्तगणों ने एस ग्रुप नामक कम्पनी खोलकर राजीव सिंह उर्फ प्रेम प्रकाश विद्यार्थी के दिशा–निर्देशन में नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके छात्रों का डाटा प्राप्त कर उनके परिजनों से टेलीकालरों के माध्यम से संपर्क कर विभिन्न प्रदेशों के विख्यात कालेजों में डठठै में एडमीशन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर उनसे चेकध् आरटीजीएस व अन्य माध्यमों से सरस्वती अम्मल चौरिटेबल ट्रस्ट व सनाका एजुकेशनल व एस ग्रुप में करोड़ों रुपयें प्राप्त कर फरार हो जाने का कृत्य किया गया। पकड़े गये अभियुक्त के सम्बन्ध में अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य थाना इकाई / जनपद / राज्यों से की जा रही है।

# अयोध्या में जीएसटी दबाने वाली पंचायतों को चिह्नित करने की तैयारी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। गांवों के विकास के नाम पर धनराशि खर्च कर धनाढ्य होते जा रहे प्रधानों की अब मुसीबत बढ़ती जा रही है। लाखों खर्च कर जीएसटी जमा नहीं करने वाले प्रधानों व सप्लायरों पर बड़ी कार्रवाई होने जा रही है। राज्य कर कार्यालय ने ऐसी ग्राम पंचायतों व सप्लायरों को चिह्नित कर लिया है, जिन्होंने जीएसटी जमा नहीं किया है। जीएसटी चोरी करने वाली ऐसी ग्राम पंचायतों व सप्लायरों पर 50–50 हजार का जुर्माना लगाने की तैयारी कर ली गई है।

जिले में 835 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें से अभी भी 427 ग्राम पंचायतों ने जीएसटी पंजीकरण नहीं कराया है। वहीं जिन 408 ग्राम पंचायतों ने जीएसटी पंजीयन कराया है, उनके द्वारा भी जीएसटी रिटर्न जीएसटीआर–7 शून्य का फाइल किया गया है। पंचायत राज विभाग के अनुसार 11 ब्लाकों में से केवल रुदौली, पूराबाजार, मिल्कीपुर, मवई व सोहावल द्वारा ही सप्लायरों, वर्क कान्ट्रैक्टरों को भुगतान कर जीएससटी फाइल शो कर रहा है। शेष आठ ब्लाकों द्वारा मार्च 2023 से अभी तक शून्य का जीएसटीआर–7 फाइल किया गया है। ग्राम पंचायतों द्वारा कार्य व भुगतान का डेटा नहीं होने से राज्यकर कार्यालय को यह पता नहीं चल पाता कि किस ग्राम पंचायत ने कार्य कराया और किसे कितना भुगतान किया। इसी का फायदा उठाते हुए ग्राम पंचायतें जीएसटी दबाए हुई हैं। इससे सरकार को हर वर्ष करोड़ों रुपये का राजस्व घाटा हो रहा है।

इसे लेकर राज्य कर द्वारा कहा गया है जिन भी सरकारी विभागोंध ब्लाकोंध्ग्राम पंचायतों द्वारा जीएसटी रिटर्न जीएसटीआर–7 में सही विवरण नहीं भरा जा रहा है या शून्य का रिटर्न दाखिल किया जा रहा है। यदि वह निर्धारित समय में रिटर्न जमा नहीं करते हैं तो उनपर 50–50 हजार अर्थदण्ड की कार्रवाई की जाएगी।

# अयोध्या-रायबरेली नेशनल हाईवे पर हादसा, वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।अयोध्या–रायबरेली नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत कुमारगंज निवासी मोतीलाल मौर्य( 32 ) पुत्र सोनू मौर्य व नगर पंचायत कुमारगंज के डॉ. सुमन का 30 वर्षीय पुत्र राजन पाठक जिले से सटे सुल्तानपुर हलियापुर के पास एक होटल से खाना खाकर घर वापस आ रहे थे। इसी बीच आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के पहले गेट से करीब 100 मीटर पहले दोनों युवक एक मारुति कार को ओवरटेक कर रहे थे। इसी बीच सामने से आ रहे अज्ञातवाहन ट्रक ने दोनों युवकों को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी कुमारगंज संजीव सिंह ने लाश को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस आज्ञात वाहन की तलाश में है।

# अयोध्या के रायगंज में ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों कीमती सामान किये चोरी

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर हजारों रुपये के कीमती गहने व नगदी किये चोरी। घटना 23 अक्टूबर की रात की बताई गई है। अज्ञात चोरों ने पीड़ित अंकित पांडे पुत्र रामगोपाल पांडे निवासी रायगंज गोडीयाना गुप्तार माली की बगिया के निकट उनके घर में की चोरी। ज्ञात होकर प्रार्थी उस दिन किसी कार्य से बाहर गया हुआ था। घर सुनसान पाकार अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर हजारों के गहने और नगदी चोरी करके हुए फरार। स्थानीय लोगों की सूचना पर 24 अक्टूबर की शाम अंकित पांडे अपने घर पहुंचे तो देखा ताला टूटा है, सामान बिखरा हुआ है, और सब समान चोरी हो गया है। इसकी लिखित शिकायत पीड़ित की ओर से अयोध्या कोतवाली में दी गई है, लेकिन अभी तक पुलिस ले ना तो केस दर्ज किया और ना ही घटास्थल का जायजा ही लिया है।

# अयोध्या राम नगरी में फिल्मी स्टार्स की फोरम में डिजिटली दहन हुआ रावण

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या रामकथा पार्क में आयोजित फिल्मी सितारों का डिजिटल रावण दहन किया गया। भोजपुरी सुपरस्टार सुपरस्टार लाल ने राम की भूमिका में रावण का डिजिटल वध करते हुए रोल अदा किया। रावण का वध होते ही श्री रामकथा पार्क में जय श्री राम के नारे गूंजने लगे।

अभिनेता यशायाह लाल ने कहा कि श्रीराम से बड़ी धरती पर कोई चरित्र नहीं है। मेरा सौभाग्य श्रीराम का किरदार है। बिहार के बिना यूपी, यूपी के बिना बिहार अधूरा है। राम जी का बिहार तीर्थयात्रियों और सीता जी का तीर्थयात्रियों की बड़ी यात्रा है। सबसे बड़ा ग्रंथ रामचरित्र मानस प्रस्तुत करने की दो जगह यूपी और बिहार है। रेयेस लाल ने कहा कि धर्म का नाम राजनीति नहीं होना चाहिए। धर्म अपनी जगह, विकास और चुनाव अपनी जगह। अपने फायदे के लिए धर्म का इस्तमाल ठीक नहीं है। रावण दहन के दौरान अयोध्या के नेता वेद प्रकाश गुप्ता के साथ सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# *अयोध्या की रामलीला में भोजपुरी के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव भगवान राम की भूमिका में छाए*

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो ( सुरेंद्र कुमार। आज दशहरा के दिन अयोध्या की रामलीला में भोजपुरी के सुपरस्टार केसारी लाल ने राम की भूमिका में रावण दहन किया उन्होंने बोला भगवान श्री राम के आशीर्वाद से भगवान राम की जन्म भूमि अयोध्या मैं अयोध्या की रामलीला में प्रभु राम की भूमिका में आज रावण दहन किया इससे बड़ा मेरे लिए कोई सौभाग्य नहीं हो सकता इस मौके के लिए मैं अयोध्या की रामलीला के कमेटी अध्यक्ष सुभाष मालिक और महासचिव शुभम मलिक को धन्यवाद करता हूं। अयोध्या के रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। जिसे इस साल अभी तक 32 करोड़ से ज्यादा लोग देख चुके हैं तथा संख्या बढ़ती जा रही है। भगवान राम के भक्त हर साल अयोध्या की रामलीला को देखते हैं। बड़े बुजुर्ग युवा माता महिलाएं बच्चे सभी अयोध्या की रामलीला को देखते हैं। राम भक्तों ने अयोध्या की रामलीला को दिल से अपनाया है। दुनिया भर में अयोध्या की रामलीला को देखा जाता है इसका सारा श्रेय में सुभाष मलिक और शुभम मलिक को देता हूं। उनकी मेहनत से यह रामलीला हर साल होती है। और विश्व की सबसे बड़ी रामलीला बन गई है।

# पुलिस की कार्यशैली नाराज सफाई कर्मियों ने हड़ताल की



हरदोई। कोतवाली शाहाबाद पुलिस की कार्यशैली से नाराज नगर पालिका परिषद,शाहाबाद के सफाई कर्मचारी बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। नाराज सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, पालिका प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी तक अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गिलजयी निवासी सफाई कर्मी अनुज पुत्र प्रभु दयाल तथा कुणाल पुत्र महेश के अनुसार 24 अक्टूबर को मोहल्ला गिलजई में वह अपनी ड्यूटी पर सफाई कार्य कर रहे थे। उसी समय मोहल्ले का मुन्ना, सानू, तारिक एवं छक्कन आ गए और उनसे गाली गलौज करते हुए जबरन काम करने का प्रयास किया। उन्होंने जब जबरन काम करने से मना किया तो दोनों सफाई कर्मचारियों को मुन्ना , शानू, तारिक,छक्कन आदि दबंगों ने मां बहन की गालियां देते हुए जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गालियां दीं तथा लाठी डंडों से मारा पीटा,जिससे दोनों को काफी चोटें आईं।

सफाई कर्मियों ने हमलावरों के खिलाफ कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र, महामंत्री कन्हैया बाल्मीकि का आरोप है कि पुलिस ने सफाई कर्मियों पर हमला करने वालों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। जिससे नाराज होकर समस्त सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। सफाई कर्मचारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बुधवार को पालिका मुख्यालय पर प्रदर्शन कर हंगामा काटा। पालिका प्रशासन मुर्दाबाद, अधिशासी अधिकारी राम रतन मुर्दाबाद, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। हड़ताली सफाई कर्मचारियों का कहना है कि जब तक पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती तब तक सफाई कार्य नहीं किया जाएगा।

# स्मार्टफोन पाकर छात्राओं में उल्लास की लहर दौड़ गयी : प्राचार्या डॉ. अलका निवेदन





ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना डिजिशक्ति के अंतर्गत भारतीय विद्या भवन गर्ल्स डिग्री में स्नातक अंतिम वर्ष की छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अलका निवेदन ने प्रदेश सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के दिशानिर्देशन और प्रेरणा से आज हर स्नातक विद्यार्थी के पास अपना स्मार्टफोन हैं, जिससे वो अपनी शिक्षा और ज्ञान को दोगुनी रफ्तार दे सकेंगे तथा स्मार्टली सामाजिक और समसामयिक गतिविधियों से अवगत रह सकेंगे। स्मार्टफोन पाकर सभी

छात्राओं में उल्लास की लहर दौड़ गयी और सभी ने एक स्वर में अपनी वर्तमान सरकार का आभार व्यक्त किया।

# आर्टिस्ट मोहन मावा ने चयनित कलाकार को पुरस्कार प्रदानकर सम्मानित किया



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। नृत्य सोपान संस्थान द्वारा पेन्टिंग व डान्डिया प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभा रहे आर्टिस्ट मोहन मावा ने चयनित कलाकार को पुरस्कार प्रदानकर सम्मानित किया।कार्यक्रम सहारा प्लाजा पत्रकार पुरम, गोमती नगर मे आयोजित हुआ। टेक्नो डिपार्मेंट आफ फाइन आर्ट्स के स्टूडेंट्स ने प्रथम, द्वितीय व सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

# बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ संयुक्त शिक्षा निदेशक ,लखनऊ मण्डल डॉ0प्रदीप कुमार एवं जिला विद्यालय निरीक्षक, लखनऊ राकेश कुमार लखनऊ के द्वारा रिंग में मुक्केबाजों का हाथ मिलवाकर किया गया





ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित '67वीं प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालयीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2023' एवं '67वीं मंडलीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023' स्थान–के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में प्रतियोगिता का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य माननीय उमेश द्विवेदी द्वारा किया गया। जे डी माध्यमिक डॉ प्रदीप कुमार द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया।

बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ संयुक्त शिक्षा निदेशक ,लखनऊ मण्डल डॉ0प्रदीप कुमार एवं जिला विद्यालय निरीक्षक, लखनऊ राकेश कुमार लखनऊ के द्वारा रिंग में मुक्केबाजों का हाथ मिलवाकर प्रारंभ किया गया।

मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारम्भ के अवसर पर उप शिक्षा निदेशक डॉ0मुकेश कुमार सिंह,डी0डी0आर0 लखनऊ मण्डल रेखा दिवाकर, डी0आई0ओ0एस0 द्वितीय लखनऊ रावेन्द्र सिंह बघेल,सह जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ जय शंकर श्रीवास्तव, सह निरीक्षक आंग्ल भारतीय विद्यालय लखनऊ मनीषा द्विवेदी मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मण्डल डॉ0दिनेश कुमार व जनपद के राजकीय इंटर कॉलेजों व राजकीय बालिका इंटर कॉलेजों के प्रिंसिपल्स व स्टाफ उपस्थित रहे,साथ ही राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नरही जिया मऊ व शाहमीना रोड छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

कार्यक्रम का संचालन वंदना तिवारी व ज्योत्सना सिंह द्वारा किया गया।

बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 18 मंडलों में से 17 मंडलों ने प्रतिभाग किया देवीपाटन मंडल अनुपस्थित रहा कानपुर मंडल से दल संख्या– 25, लखनऊ मंडल से दल संख्या–25, गोरखपुर मंडल से दल संख्या–31, वाराणसी मंडल से दल संख्या– 29 प्रयागराज मंडल से दल संख्या– 20, मेरठ मंडल से दल संख्या –33, सहारनपुर मंडल से दल संख्या –31, अयोध्या मंडल से दल संख्या –31, आजमगढ़ मंडल से दल संख्या– 6, मिर्जापुर मंडल से दल संख्या –6 ,बांदाध चित्रकूट मंडल से दल संख्या– 01 ,झांसी मंडल से दल संख्या– 13 ,बस्ती मंडल से दल संख्या–08, आगरा मंडल से दल संख्या– 25, अलीगढ़ मंडल से दल संख्या 07, मुरादाबाद मंडल दल संख्या– 28 ,बरेली मंडल से दल संख्या–16, कुल योग –335, कोच संख्या 17 उपस्थित रहे।

मुक्केबाजी में लखनऊ मंडल के रायबरेली जनपद से 02 खिलाड़ी, हरदोई जनपद से 01 खिलाड़ी ,लखनऊ जनपद से 22 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। लखनऊ जनपद के लखनऊ मांटेसरी इंटर कॉलेज ,पुराना किला, सदर ,लखनऊ से 02 खिलाड़ी और लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेक्टर–9 वृंदावन योजना ,लखनऊ से 02 खिलाड़ी प्रतिभाग किए। अन्य लखनऊ के प्रतिभागी विद्यालयों से एक–एक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023 में लखनऊ जनपद से बालक –53 बालिका49– कोचध मैनेजर– 12, सीतापुर जनपद से बालक–34 ,बालिका 36,कोचध्मैनेजर–18, लखीमपुर खीरी जनपद से बालक–35 बालिका–35 कोचध मैनेजर–13, हरदोई जनपद से बालक–35 बालिका30 कोचध मैनेजर18 ,उन्नाव जनपद से बालक–39 बालिका 32 कोच/मैनेजर–15 एवं रायबरेली जनपद से बालक–38 बालिका–34 कोचध्मैनेजर–18 ,कुल संख्या–544 ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिताओं के मुख्य संयोजक जे डी माध्यमिक डॉ0प्रदीप कुमार व संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ राकेश कुमार हैं।

# चित्रांश सेवा ट्रस्ट आज करेगा धन्यवाद समारोह व आम सभा का आयोजन

अयोध्या। चित्रांश सेवा ट्रस्ट हैदरगंज अयोध्या 26 अक्टूबर गुरुवार को शाम पांच बजे धन्यवाद समारोह व आमसभा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी के सी श्रीवास्तव अध्यक्ष चित्रांश सेवा ट्रस्ट अयोध्या ने दिया। उन्होंने बताया कि इस मौके पर नव निर्वाचित भाजपा महानगर अध्यक्ष अयोध्या कमलेश श्रीवास्तव का अभिनन्दन किया जाएगा।इसके अलावा एवं शहर के उभरते सामाजिक चित्रांश बंधुऑ, श्री चित्रगुप्त मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बन्धुओ, सहयोगियों का सम्मान समारोह तथा राष्ट्रीय कायस्थ विचार फाउंडेशन द्वारा संचालित नवसृजन निः शुल्क सिलाई कढ़ाई केंद्र का औपचारिक उद्घाटन, किया जायगा।उन्होंने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में अरुण कुमार सिन्हा पूर्व आईएएस राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कायस्थ विचार फाउंडेशन, उमेश श्रीवास्तव पूर्व आईपीएस प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, अरविंद व्यास जी प्रसिद्ध कथा वाचक, अविनाश चंद्र श्रीवास्तव प्रसिद्ध व्यवसाई मौजूद रहेंगे।

# दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य में डांडिया गरबा का आयोजन किया



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

गोण्डा। दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य में डांडिया गरबा का आयोजन किया गया गया। देवी पूजन, डांडिया कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें बच्चों और अभिभावकों के द्वार प्रतियोगिता की शुरुआत की गई गई।

ण्अभिभावकों और बच्चों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। रीना तिवारी ने कहा कि मां का हर रूप वंदनीय है। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की निष्ठा विकसित होती है। एवीएन स्कूल के निदेशक सूरज सिंह ने सबको नवरात्रि के शुभ अवसर पर सभी को शुभकमनाएं दी।

# मेजर बीरेंद्र सिंह तोमर को शस्त्रपूजन के कार्यक्रम में सम्मानित किया गया



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

फर्रुखाबाद। मेजर बीरेंद्र सिंह तोमर को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा फर्रुखाबाद के पदाधिकारियों द्वारा विजयदशमी के शुभ अवसर पर विजय दशमी और शस्त्रपूजन के कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

# इजराइल और फिलिस्तीनियों लड़ाई को यहूदी बनाम मुसलमान लड़ाई के रूप में पेश करना गलत

संवाददाता

लखनऊ। ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने उस जनमत के साथ अपने को जोड़ा है जो यह मानता है कि आज की तारीख में फिलिस्तीनियों के खिलाफ इजराइल का जो हमला है वह इजरायल के आत्मरक्षा के लिए कतई नहीं है।

दरअसल यह इजरायल के शासकों द्वारा फिलिस्तीनियों के खिलाफ चलाए जाने वाला जनसंहार ही है। संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता इसी में निहित है कि वह बड़े पैमाने पर हो रही नागरिकों की हत्या पर रोक लगाए और वहां पर युद्ध विराम घोषित कराए। इजराइल और फिलिस्तीनियों के बीच में चल रही लड़ाई को यहूदी बनाम मुसलमान के बीच में हो रही लड़ाई के रूप में पेश करना गलत है। दुनिया में ढेर सारे यहूदी फिलिस्तीनियों के विरुद्ध इजरायल की बेंजामिन नेतन्याहू सरकार की नीति के आलोचक रहे है और आज भी उस सरकार की हमलावर नीति की आलोचना करते हैं व पूरे तौर पर युद्ध विराम के पक्षधर है। यह भी ध्यान देने की जरूरत है कि ढ़ेर सारे मुस्लिम देश अंदर से फिलिस्तीनियों के स्वतंत्र राज्य अधिकार के पक्ष में नहीं रहे हैं।

हिन्दी सांध्य दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित ।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।